न्यायालय तहसीलदार जसवंततपुरा

मुकदमा नंबर 07/2016

राजस्थान सरकार जरिये बनाम गैरसायल

पटवारी हल्का जसवंतपुरा श्री वजाराम पुत्र श्री सांकला

जाति मेघवाल निवासी जसवंतपुरा

निर्णय दिनांकः—04.10.2016

पत्रावली पेश हुयी। गैरसायल गैरहाजिर। पत्रावली का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पटवारी हल्का जसवंतपुरा व निरीक्षक भू0अ0 जसवंतपुरा ने रिपोर्ट पेश की कि गैरसायल ने संवत 2073 में मौजा जसवंतपुरा के खसरा नंबर 881 रकबा 0.48 हेक्टर किस्म गै.मु नदी में अनाधिकृतरूप से ग्वार की फसल बोकर काश्त कर कब्जा किया है। जिस पर गैरसायल को जरिये नोटिस तलब किया गया। गैरसायल नें अपने जबाव में कोई दस्तावेजी साक्ष्य या अन्य कोई सबूत पेश नही किये,नही पेश करना चाहता है जिससे यह साबित होता है कि गैरसायल ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया है।

अतः राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 (1) के तहत संवत 2073 में मौजा जसवंतपुरा के खसरा,नंबर 881 रकबा 0.48 हेक्टर किस्म गै.मु. नदी अतिक्रमी घोषित किया जाकर व ग्वार की फसल को कुर्ककर निलामी करने व अतिक्रमित रकबे से भौतिकरूप से बेदखली के आदेश दिये जाते है साथ ही अतिक्रमित रकबे पर भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 (3) तहत का वार्षिक लगान 1.92 का 50 गुणा रू0 96/— अक्षरे छियान्वे रूपये मात्र बतौर जुर्माना आरोपित किया जाता है। निरीक्षक (भू.अ.) जसवंतपुरा ,पटवारी हल्का जसवंतपुरा को भौतिकरूप से बेदखल करने एवं जुर्माना कायमी हेतु लिखा जाये। आदेश सरे इजलास सुनाया गया।

तहसीलदार जसवन्तपुरा
जिला जालोर (राज.)

तहसीलदार ,जसवंतपुरा

Scanned by CamScanner